## सार-समाचार

### कोटा मंडल के वाणिज्य विभाग ने ई-बोली के माध्यम से नई उपलब्धि प्राप्त की

**कोटा,** (निसं)। विगत कुछ दिनों पूर्व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा रेलवे की आय में बढ़ोत्तरी करने उनके द्वारा ई–बोली पद्धति का भारतीय रेल में पीएएन इंडिया स्तर पर शुभारंभ किया गया था। इसी क्रम में कोटा मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे है जिसमें रेल आय में वृद्धि करने हेतु मंडल के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों के भीतरी तथा बाहरी क्षेत्रों में विज्ञापन, पे एण्ड यूज़ टॉयलेट एवं पार्किंग के लिए अगस्त माह में कुल 110 लोकेशनों की ई–नीलामी आमंत्रित की गयी जिसमें 36 लोकेशनों के लिए ऑफर प्राप्त हुए है। इससे कोटा मंडल को कुल 5.06 करोड़ की आय प्राप्त होगी। पश्चिम मध्य जोन में कोटा मंडल ई बोली पद्धति में अग्रणीय एवं विशिष्ट भूमिका निभा रहा है। इस सम्बन्ध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि हाल ही में मंडल ने सोगरिया रेलवे स्टेशन के परिसर में ई बोली के तहत यात्रियों की सुविधा हेतु पार्किंग की शुरुआत की गई और भविष्य में भी कोटा मंडल इस तरह के कार्यो में प्रयासरत् रहेगा।

### शोभायात्रा के साथ पर्यूषण पर्व सम्पन्न

**रामगंजमंडी,** (निसं)। अनन्त चतुर्दशी के पावन पर्व पर दसलक्षण पर्व का समापन हो गया। इस अवसर पर तपस्वियों को बग्गी मे बिठाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई व उनकी अनुमोदना की गयी। तपस्वी रुचि बागड़िया ने दस उपवास, सयानी विनायका व अनिता जैन ने पांच उपवास की तप आराधना पूर्ण की। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली। वहीं शान्तिनाथ मंदिर के मंगल कलश का सौभाग्य विमल कुमार, साकार विनायका को एवम महावीर मंदिर के मंगल कलश का पुण्य लाभ भानु कुमार अंशुल जैन को मिला। नगर के जिनालयों में श्री जी का अभिषेक किया गया। इस अवसर पर शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आकर्षक रंगोली सोनियां बागड़िया, रेणु मित्तल, पूजा सिंघल द्वारा बनाई गई। शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में माला का सौभाग्य दिलीप विनायका परिवार एवं सन्दीप बागड़िया परिवार को मिला। इस अवसर पर सांगानेर से आए लोकेश भैया का स्वागत किया गया।शोभायात्रा के क्रम में श्वेताम्बर जैन मंदिर में विराजित साध्वी गुणरंजना का समाज जन सहित सभी ने आशीष लिया।

### लोकसभा अध्यक्ष का धन्यवाद किया

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर कोटा जिले में पहली बार रक्षा उत्पाद मंत्रालय एवं भारतीय रक्षा उत्पादन समिति के संयुक्त तत्वाधान में 11 सितम्बर से डिफेन्स एक्सपो 2022 का आयोजन करवाने पर भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ जिला संयोजक के.पी. सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष को धन्यवाद दिया है। के.पी. सिंह ने बताया कि डिफेन्स एक्सपो के आयोजन से युवा स्टार्ट–अप को बेहतरीन ऑफर मिलेंगे। दो दिवसीय डिफेन्स एक्सपो में स्वदेशी निर्मित रक्षा उत्पादों का प्रदर्शन किया जायेगा, तथा लघु उद्योगों का रक्षा सामग्री के उत्पादन में योगदान एवं सम्भावना की जानकारी स्टार्ट–अप को मिलेगी। दो दिवसीय डिफेन्स एक्सपो को सभी उद्यमियों को देखना चाहिये, इस एक्सपो में युवाओं को स्टार्टअप प्रारम्भ करने के तरीके, फण्डिंग, प्रोडक्ट और सर्विस की मार्केटिंग सहित बहुत सारी उपयोगी जानकारियां दी जायेगी।

### नानी का नेत्रदान करवाया

**कोटा,** (निसं)। श्रीपुरा गन्धी जी पुल निवासी निर्मला देवी सोनी का निधन निजी अस्पताल में हो गया था। कोटा डिविजनल ओप्थोलॉजिकल सोसायटी के सचिव डॉ संजय गुप्ता एवं डॉ विनीता गर्ग ने 2 वर्ष पूर्व रोटरी क्लब के माध्यम से नेत्रदान जागरुकता कार्यक्रम रखा था उस से प्रेरणा लेकर रोटरी क्लब की सदस्य चंचल सोनी ने नानी मृत्यु उपरांत परिवार के परिवार के 4 मामा, मामी, 3 मौसी, भाई बहन को नानी नेत्रदान के लिए प्रेरित कर सूचना कोटा ऑप्थोलिजल सोसायटी के सचिव डॉ संजय गुप्ता को दी। सूचना मिलते ही नेत्रदान सलाहकार भूपेंद्र सिंह हाड़ा टेक्नीशियन हेमंत यादव नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जगदीश चौधरी उनके स्व निवास पहुंचे। वहां परिवार के 50 सदस्यों के सामने टेक्नीशियन हेमंत यादव ने निर्मला देवी सोनी का नेत्र संकलित किया। नेत्रदान की प्रक्रिया को परिवार के सभी सदस्यों ने देखा और कहा कि दृष्टिहीन लोगों के लिए हम नेत्रदान की प्रक्रिया को परिवार की परंपरा बनाएंगे जिससे दो लोगों को नेत्र ज्योति प्राप्त हो सके।

### कोटा मंडल ने लगभग 15 करोड़ 60 लाख 68 हजार रुपये अर्जित किया

**कोटा,** (निसं)। कोटा मंडल के वाणिज्य विभाग ने अब तक वित्तीय वर्ष 2022–23 में अप्रैल से अगस्त माह तक गाड़ियों में की गई टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले एवं बिना बुक गये सामान सहित कुल 2,31,057 मामलों से 15 करोड़ 60 लाख 68 हजार 9 सौ 95 रुपये अर्जित किये जो गत वित्तीय वर्ष से लगभग 76.84 प्रतिशत अधिक है जिसमे बिना टिकट के 2,10,760 मामले है। जबकि इस वर्ष केवल अगस्त माह में कुल ऐसे मामले 31,1,50 पाए गये जिससे रेलवे को कुल 1 करोड़ 96 लाख 52 हजार 4 सौ 38 रूपये आय अर्जित हुई। इससे प.म. रेल कोटा मंडल के आय में बढ़ोत्तरी हुई जो कि वाणिज्य विभाग के टिकट चैकिंग कर्मचारियों द्वारा किया गया सराहनीय कार्य है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक जन सम्पर्क अधिकारी ने यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। प्लेटफॉर्म टिकट यात्रा के लिए अनुमत नहीं है। अपने सामान को उचित रूप से बुक कराएं।

## मोरिया के जयकारों के साथ गणपति की विदाई हुई

**कोटा,** (निसं)। अनन्त चतुर्दशी पर शुक्रवार को विघ्नहर्ता की विदाई पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल की थाप व जयकारों के साथ विभिन्न समितियां व शहरवासी अपने स्थापित गणेश को महाआरती के बाद वाहनों में सजाकर किशोर सागर व भीतरिया कुण्ड के लिए खाना हुए। जहां प्रशासन ने प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए पहले से निगम, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमों के साथ पुलिस जाप्ता तैनात किया हुआ था।

बड़ी प्रतिमाओं को क्रेन के सहायता से विसर्जित किया तो हर ओर गणपती बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से माहोल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा की शुरूआत मल्टीपरपज स्कूल से हुई जहां संत समाज भी मौजूद रहा व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संतों का स्वागत किया। यहां से रवाना हुई शोभायात्रा सुरजपोल गेट से होते हुए केथनीपील पहुंची जहां भी स्वागत का कार्यक्रम था व अखाडों के उस्तादों का सम्मान समाजसेवी अमित धारीवाल के द्वारा किया गया।

यहां अखाड़ों के पट्टेबाजों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए तो मलखम पर भी कई करतब देख लोग हैरान रह गए। कैथूनीपोल थाने पर शहर एसपी व अधिकारियों ने वॉच टावर बनाया हुआ था। यहां शोभायात्रा में 5 दर्जन से अधिक झाकियां साथ चल रही थी। संत समाज को बग्घियों में आसीन करवाया गया था।

शहर में हाल यह था कि चारों तरफ से गणपती की झांकियों से जुलूस डीजे व बैंड की धुनों पर आ जा रहे थे। किशोर सागर पर सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ की पांच टीमें जिनमें 3 किशोर सागर व 2 भीनरिया कुण्ड व एनडीआरएफ की एक टीम जो 12–12 सदस्यों में दोनों स्थानों पर तैनात थी। पुलिस का दस्ता अधिकारियों के साथ मौजूद रहा। नगर निगम रेस्क्यू दल प्रतिमाओं को विसर्जित करवाने का काम कर रहे थे।

अखाड़ों के उस्तादों की देखरेख में कलाकारों ने हैरतअंगेज कारनामें दिखाए। सोने पर पत्थर तोड़ना बाइक निकालना, आंखों पर पट्टी बांध निय काटना जैसे कई करते थे। पूरे रास्ते जयकार लगाते हुए सदस्य चल रहे थे। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल अनंत चतुर्दशी महोत्सव के जुलूस के दौरान इंटरनेट के जरिए भव्य जुलूस से जुड़े रहे जुलूस का सीधा प्रसारण उन्होंने देखा और गणपति से देश प्रदेश में सुख समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की।

यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने जयपुर से अनंत चतुर्थी महोत्सव की शहर वासियों को वीडियो संदेश के माध्यम से शुभकामनाएं देते हुए कहा की अखाड़ों के लिए इस साल से विशेष पुरस्कार की घोषणा की गई है एक कमेटी भी उनके द्वारा गठित की गई है जो श्रेष्ठ पुरुष व महिला अखाड़े के विजेताओं का प्रदर्शन के आधार पर चयन करेगी।

**बैठक संपन्न** **झालावाड़** (निसं)। शुक्रवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी झालावाड़ में राजस्थान बौद्ध महासंघ जिला इकाई झालावाड़ की विशेष बैठक संपन्न हुई।


AU SMALL FINANCE BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट-IV-A

नियम 8( 6 ) के परन्तुक को देखें

**अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी विक्रय सूचना
आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ( ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक ) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को ''जैसे है जहाँ है'' एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई–नीलामी द्वारा निम्न तालिका में दर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का ब्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या एवं ऋणी, सह-ऋणी बंधककर्त्ता का नाम | 13(2) मांग नोटिस की दिनांक व राशि एवं सांकेतिक कब्जे की दिनांक एवं बकाया राशि | सम्पत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य ईएमडी राशि एवं निविदा वृद्धि राशि (राशि रू. में) | ई-नीलामी की तिथि व समय एवं ईएमडी जमा की अंतिम राशि बोलि और दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण का स्थान, निरीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता संख्या: 1921224424560849 मैसर्स श्री बालाजी एग्रो सेल्स एंड सर्विस जरिये प्रोपराइटर श्री महावीर मीणा ( ऋणी ) मैसर्स श्री बालाजी ट्रेडिंग कम्पनी जरिये पार्टनर श्री महावीर मीणा व श्रीमती अखिना ( जमानतदार ), श्री महावीर मीणा पुत्र श्री घासी लाल मीणा ( जमानतदार/ बंधककर्ता ), श्रीमती ( सह-ऋणी/ बंधककर्ता ), श्री अखिना पत्नि श्री महावीर प्रसाद मीणा ( जमानतदार ) | 01 फरवरी 2022 ₹ 29,04,804/- ( रू. उनतीस लाख चार हजार आठ सौ चार मात्र ) दिनांक 01 फरवरी 2022 तक मात्र सांकेतिक कब्जा दिनांक 17 मई 2022 को किया गया। ₹ 28,70,672/- ( रू. अठाईस लाख सत्तर हजार छह सौ बहत्तर मात्र ) दिनांक 07 सितम्बर 2022 तक भविष्य का ब्याज व खर्चे अतिरिक्त | ( 1 ) संपत्ति के सभी अभिन्न अंग सम्पत्ति स्थित खसरा नं. 1479, ग्राम अतरू, तहसील अतरू, बारां, राजस्थान क्षेत्रफल 3200.00 वर्ग फीट, जो कि श्री महावीर प्रसाद पुत्र श्री घासी लाल के स्वामित्व में है। पूर्व – शंकर लाल नागर का प्लॉट, पश्चिम – सरकारी नाला, उत्तर – पुष्प चंद्र मेघवाल का खुला प्लॉट, दक्षिण – सालापुर रोड ( 2 ) संपत्ति के सभी अभिन्न अंग सम्पत्ति स्थित प्लॉट नं. 346, ग्राम अतरू, तहसील अतरू, बारां, राजस्थान क्षेत्रफल 4684.00 वर्ग फीट, जो कि श्री महावीर प्रसाद पुत्र श्री घासी लाल के स्वामित्व में है। पूर्व – राधे श्याम शर्मा का मकान, पश्चिम – सरकारी बिल्डिंग, उत्तर – मेन कस्बा रोड, दक्षिण – रोड नोट : उपरोक्तसंपत्ति श्री बालाजी ट्रेडिंग कंपनी के साथ क्रॉस संपाशर्विक है, जिसका ऋण खाता संख्या 1921224424549526 है, कुल बकाया राशि रू 31,85,537/- 12 मई 2022 तक। 13( 2 )नोटिस 12 मई 2022 को जारी किया गया था, उपरोक्तसंपत्ति को बेचने के बाद इस ऋण खातों में अतिरिक्त राशि समायोजित की जाएगी | सम्पत्ति नं. 1 के लिए आरक्षित मूल्य : रु. 30,00,000/- ( रु. तीस लाख मात्र ) ईएमडी : रु. 3,00,000/- ( रु. तीन लाख मात्र ) सम्पत्ति नं. 2 के लिए आरक्षित मूल्य : रु. 80,00,000/- ( रु.अस्सी लाख मात्र ) ईएमडी : रु. 8,00,000/- ( रु. आठ लाख मात्र ) इंक्रीमेंटल राशि : रु. 50,000/- ( रुपये पचास हजार मात्र ) | 19 अक्टूबर 2022 दोपहर 2:00 बजे से सायं 04:00 बजे ( 5 मिनट के असिमित विस्तार के साथ ) बोलि जमा कराने की अंतिम तिथि : 18 अक्टूबर 2022 को सायं 5 बजे तक एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ब्रांच कार्यालय: भूतल, चारमूर्ति सर्किल, कोटा रोड, बारां, राजस्थान - 325205 ई-मेल : rakesh.jain1@aubank.in निरीक्षण दिनांक : 14 व 15 अक्टूबर 2022 |

सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि नियम एवं शर्तों की अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net व https://www.aubank.in/bank-auction पर जाएँ। ई–निलामी की बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए श्री राकेश जैन से सम्पर्क करने की सलाह दी जाती है, मो. नं. 9116181827 व ई–मेल rakesh.jain1@aubank.in

यह सुरक्षा ब्याज ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के तहत एक वैधानिक 30 दिनों का बिक्री नोटिस भी है।
ऋणी व बंधककर्ता को वैधानिक 30 दिनों का बिक्री नोटिस है।

ई–नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें –
1. बंधक परिसंपत्ति की ई–नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है, ''जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और '' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसंपत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है। 2. ऑनलाइन ई–नीलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कंपनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूसन, पते का प्रमाण पत्र ईएमडी के साथ, जो आरटीजीएस / एनईएफटी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK Limited पांचवीं एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नंबर 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020, IFSC कोड: AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लिया जा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी rakesh.jain1@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस / एनईएफटी की यूटीआर / रेफरेन्स नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों / बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई–नीलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए श्री राकेश जैन से संपर्क करें : 9116181827 और ई–मेल rakesh.jain1@aubank.in

स्थान: बारां, कोटा  दिनांक: 09 सितम्बर 2022  प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड






# जय अनुसंधान

प्रतिभा को इनोवेशन और अवसर से जोड़कर बढ़ रहा देश

"आज देश टेक्नोलॉजी, अनुसंधान और इनोवेशन जैसी अनेक दिशाओं में अभूतपूर्व ताकत के साथ आगे बढ़ रहा है।"
नरेन्द्र मोदी

- **अटल इनोवेशन मिशन** - 10 हज़ार से अधिक अटल टिंकरिंग लैब से **75 लाख** से ज़्यादा विद्यार्थी जुड़े
- देश में उच्च गुणवत्ता वाले शोध और इनोवेशन से बेहतरीन प्रतिभाओं को जोड़ने के लिए **पीएम रिसर्च फेलोशिप**; पीएचडी करने के लिए फेलोशिप और रिसर्च ग्रांट के रूप में **50 लाख रुपये** से ज़्यादा की राशि
- देश में विश्व के अग्रणी स्टार्टअप इकोसिस्टम का निर्माण, आज देश में **107 यूनिकॉर्न** और **77,000 से अधिक स्टार्टअप**
- तकनीक और सेवा आधारित इनोवेशन पर बल, छह सालों में देश **ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स** में **81वें स्थान** से छलांग लगाकर **46वें स्थान** पर पहुंचा
- **पेटेंट** दर्ज कराने में 7 सालों में रिकॉर्ड **50% वृद्धि,** 2014-15 के 42,700 से बढ़कर 2021-22 में 66,400 पेटेंट फाइल
- तकनीक के जरिये लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रगतिशील **ड्रोन पॉलिसी**; साथ ही **स्पेस सेक्टर** का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए इसे प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला गया

cbc 22201/13/0115/2223

विज्ञान और इनोवेशन के इकोसिस्टम को बढ़ावा देते अपनी तरह के प्रथम **'सेंटर-स्टेट साइंस कॉन्क्लेव'** का
**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी** द्वारा उद्घाटन, 10 सितम्बर, प्रातः 10:30 बजे (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से)



**पश्चिम मध्य रेल**

**सिगनल एंव दूर संचार विभाग**

**निविदा सूचना – दिनांक: 07.09.2022**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी (सिंगनल एवं दूर संचार ) पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मंडल निम्नलिखित कार्यो Tender No. Kota/ S&T /SIG/2022/03 के लिये निर्धारित ई निविदाएं आमंत्रित करते है टेण्डर खुलने की तारीख एवं समय टेबल में दर्शाया गया है। इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेण्डर संख्या–** कोटा / एसएण्डटी / सिग. / 2022 / 03, **कार्य का नाम–** चार्जिग ऑफ बैटरीस ऑफ सिगनलिंग ईन्स्टॉलेशन फॉर एनहैन्सींग रिलायबिलिटी ऑफ पावर सप्लाई ऑफ सिगनलिंग सिस्टम ऑन कोटा डिवीजन। **कार्य की अनुमानित लागत– रू. 4,64,140.80, तारीख एवं समय–** दिनांक 03.10.22 15:00 तक बजे तक पूर्ण विवरण वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। निविदा /बोलीदाताओं के पास कक्षा ।।। डिजिटल हस्ताक्षर पमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई. पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा / बोलीदाताओं ई–टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिये। पंजीकृत निविदा एण्ड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये।

**वरि.मं.सं.एवं दू.सं.इंजी, सिग्नल एवं वर्क्स पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**

कोरोना को है हराना, तो टीकाकरण जरूर कराना


## निर्वाचित संघ पदाधिकारियों का स्वागत

**कोटा,** (निसं)। नेशनल फैडरेशन ऑफ इण्डियन रेलवेमेन्स के 30वें वार्षिक अधिवेशन सिकन्दाबाद में कोटा मण्डल के पदाधिकारियों के निर्वाचित होकर कोटा मण्डल पहुंचे संघ पदाधिकारियों कोटा स्टेशन पर उपस्थित संघ कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ कोटा मण्डल संघ प्रवक्ता विमल मित्तल ने बताया कि एनएफआईआर के सिकन्दाबाद अधिवेशन में सी.एम. उपाध्याय को एनएफआईआर का जोनल सचिव, अशोक शर्मा को एनएफआईआर का सहायक महासचिव व अब्दुल खालिक और अमृत कौर को एनएफआईआर वर्किंग कमेटी सदस्य निर्वाचित किया गया। कोटा आगमन पर संघ कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं व पटाखों के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर मण्डल पदाधिकारी रविन्द्र शर्मा, लेखराज पाण्डेय, महेन्द्र खींची, वीरेन्द्र मीना, अजीजुद्दीन, दिनेश मीना,अब्दुल हनीफ निजामुद्दीन, मटटूलाल मीना, बिजेन्द्र मीना, योगेश चौधरी, राजेश खेडिया, आर एन गर्ग, राजेन्द्र शर्मा, धीरज शर्मा, फरियाद खां, आशीष कुमावत सहित संघ कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**पश्चिम मध्य रेल**

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे ने कोटा मंडल के 07 स्टेशनों पर पे एंड यूज शौचालय की सफाई हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाईट(ईऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न प्रकार से है:– **केटलॉग सं.–** PayAND USE - 4, **अनुबंध का प्रकार–** Pay and Use Toilet Cleaning, **लॉट सं.** – PnU-KOTA-MKX-Toi-12-22-2, PnU-KOTA-VMA-Toi-15-22-1, PnU-KOTA-DNHK-Toi-6-22-2, PnU-KOTA-KOTA-Toi-9-22-2, PnU-KOTA-BWM-Toi-14-22-2, **अनुबंध की अवधि–** 03 वर्ष, **ई–नीलामी की तिथि और समय–** सभी लॉट के लिए ई–नीलामी 27.09.2022 को 11:00 बजे शुरू होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई–ऑक्शन मोडयूल पर लॉटवाइज–समापन समय देखा जा सकता है।

कोरोना को है हराना, तो टीकाकरण जरूर कराना